St. Thomas School, Sunari, Agra

Specimen paper

Class: VI

Subject: Hindi Language

M. Time: 2 hours
MM: 80

Name: ___________________________ Roll No: _______

____

नोटः-सभी प्रश्न करना अनिवार्य।

प्रश्न 1 -निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए I [5]

बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है- रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितना अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं जनसंख्या उनके अनुपात में कहीं अधिक बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृधि पर नियंत्रण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

(क)बढ़ती जनसंख्या ने किसे जन्म दिया है?

(ख) विकास कार्य क्यों नहीं दिखाई देते ?

(ग) बढ़ती जनसंख्या ने इनमें से किस समस्या को जन्म नहीं दिया है?

(घ) बढ़ती जनसंख्या के समक्ष कौन से प्रयास असफल दिखाई देते हैं?

(ड)"नगण्य" शब्द का सही अर्थ है

प्रश्न 2- निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए I [5]

हिमगिरि के हिम से निकल-निकल,

यह बिमल दूध-सा हिम का जल,

कर-कर निनाद कल-कल, छल-छल

बहता आता नीचे पल-पल

तन का चंचल मन का विह्वल,

यह लघु सरिता का जल!

(क) सरिता का जल कहाँ से आ रहा है?

(ख) सरिता का जल किस रंग का है?

(ग) सरिता के जल की विशेषताएँ क्या हैं?

(घ) पद्यांश का उचित शीर्षक है।

(ड) 'जल' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखो **प्रश्न 3 -निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सही उत्तर चुनकर दीजिए। [5]**

(क)हिंदी भाषा में सर्वनाम के कितने भेद होते हैं।

(I) पाँच (II) सात

(III) छः (IV)चार

(ख) जिन विशेषण शब्दों से संज्ञा या सर्वनाम की निश्चित संख्या का पता नहीं चलता है ।उन्हें क्या कहते हैं ?

(I)गुणवाचक विशेषण (II)अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(III)निश्चित संख्यावाचक विशेषण (IV)निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

(ग) संरचना के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं।

(I)दो (II)तीन (III)चार (IV)पाँच

(घ)'काल' है-क्रिया संपन्न होने का

(I)स्थान (II) कारण (III)समय (IV) धातु

(ड)क्रिया के जिस रूप से वाक्य में कर्ता की प्रमुखता का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(I)कर्तृवाच्य (II)कर्मवाच्य (III)भाववाच्य (IV)अव्यय

प्रश्न 4 -निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।
[3]

(क)रीतिवाचक क्रिया-विशेषण क्रिया के होने की _______ बताते है।

(ख)जिन अव्ययों द्वारा किसी पद या उपवाक्य को दूसरे पदों या उपवाक्यों से जोड़ा जाता है , उन्हें _______कहते हैं।

(ग)वे अव्यय शब्द जो किसी शब्द के बाद लगकर उसके अर्थ को अतिरिक्त बल प्रदान करते हैं ,उन्हें _________ कहते हैं।

प्रश्न 5 - निम्नलिखित वाक्यों में सही कथन पर (सही) तथा गलत कथन पर (गलत) उत्तर लिखिए । [3]

(क)किसी शब्द को संक्षिप्त करके लिखने के लिए उस शब्द के प्रथम अक्षर के बाद 'लाघव चिन्ह ' का प्रयोग किया जाता है ।( )

(ख)किसी पद का व्याकरण की दृष्टि से पूर्ण परिचय देने को अविकारी शब्द कहते हैं ।( )

(ग)वाक्य में उद्देश्य के विषय में जो कुछ बताया जाता है, उसे विधेय कहते हैं। ( )

प्रश्न 6 - निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।(4)

(क) इच्छा (ख) उज्ज्वल

(ग) उत्कर्ष (घ)उदार

प्रश्न 7 - निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ।(4)

(क) दाँत (ख) मूर्ख
(ख) राजा (घ)वन

प्रश्न 8-निम्नलिखित शब्दों के श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द लिखिए। (4) [4]

(क) पट - पटु

(ख) पास - पाश

(ग)कदन. - कदन्न

(घ) नाड़ी - नारी

प्रश्न 9 -निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के अर्थ लिखिए । (4)

(क) गति (ख)भूत

(ग)वर्ण (घ)हस्ती

प्रश्न 10 -निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। (4)

(क) जिसका कोई शत्रु न हो

(ख)जो भूमि उपजाऊ हो

(ग)तीन लोकों का समाहार

(घ)मछली की तरह आँखों वाली

प्रश्न 11- निम्नलिखित एकार्थी शब्दों के अर्थ लिखिए । (4)

(क) कल्पना -भावना

(ख) करुणा - संवेदना

(ग) उपयोग - प्रयोग

(घ) आगामी - भावी

प्रश्न 12 -निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए । [2]

(क)अंधे की लाठी होना

(ख) घी के दीये जलाना

प्रश्न 13 -निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त भूतकाल के भेद का नाम लिखिए।
[3]

(क)नेहा घर आ गई है।

(ख) करन चाय पी चुका होगा।

(ग) उसने पुस्तक ले ली थी।

प्रश्न 14- निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया विशेषण शब्द छांटकर उनके भेद लिखिए।
[3]

1.इतिहास को लोग कम पढ़ते हैं।

2. वह चुपचाप खड़ा था।

3. ऊपर मत चढ़ो, गिर जाओगे।

प्रश्न 15- निम्नलिखित वाक्यों से निपात अलग कीजिए और लिखिए।
[3]

1.वह जीवनभर दुखी रही।

2.तुम्हारी असफलता से मुझे भी शर्म आने लगी है।

3. तुम्हें वह साड़ी ही पहननी है।

प्रश्न 16 -निम्नलिखित प्रविशेषणों को स्वरचित वाक्य में प्रयोग कीजिए । [3]

(क) बहुत (ख)कुछ (ग) बिल्कुल

प्रश्न 17- पुलिस अधीक्षक को साइकिल की चोरी के बारे में सूचना देने के लिए पत्र लिखिए । [5]

प्रश्न 18 - निम्नलिखित विषय पर 50-60 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए । [5]

भारतीय समाज में नारी

प्रश्न 19 - अपने जीवन किसी भी घटना को कहानी के रूप में बनाकर लिखिए । [5]

प्रश्न 20 - **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
[6]

(क) प्रविशेषण किसे कहते हैं ?

(ख) सकर्मक क्रिया के कितने भेद होते हैं ?नाम लिखिए।

(ग) संदिग्ध भूतकाल किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।